Lakeridge Health



Cynthia Davis
अध्यक्ष और CEO



Dr. Tony Stone
कार्यकारी अधिकारी

## मई 2021

### प्रिय मित्रों और पड़ोसियों,

Lakeridge Health को लगातार सहयोग देने और COVID-19 को फैलने से रोकने के आपके प्रयासों के लिए आपका धन्यवाद। हम अपने समुदाय और स्वास्थ्य-सेवा साझेदारों के साथ काम करते हुए वक्र को सपाट कर रहे हैं। **हमारे सामूहिक प्रयास सफल *हो रहे* हैं।**

यह सहयोग, इस बात का एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि कैसे हम, एक समुदाय के रूप में अपनी परिकल्पना, एक प्रणाली, उत्कृष्ट स्वास्थ्य(One System. Best Health।) को जी रहे हैं। हम उन सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहेंगे जो हमारे साथ समुदाय की सुरक्षा और एक उसे स्वस्थ बनाने के लिए हमारे साथ काम कर रहे हैं।

जैसा कि आपको पता है, महामारी के वेरिएंट्स इस तीसरी और सबसे खतरनाक लहर का कारण रहे हैं। हालांकि, अप्रैल मध्य से जहाँ महामारी की पुष्टि हुए केसों की संख्या में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है, वहीं Ontario और Durham क्षेत्र में COVID-19 के कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले और ICU में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या **बहुत ज़्यादा** बनी हुई है।

इस तीसरी लहर ने Lakeridge Health को कुछ बहुत ही मुश्किल निर्णय लेने पर मजबूर कर दिया है। आपको पता ही होगा कि, ICU और क्रिटिकल-देखभाल के बहुत से बेड्स बढ़ाने की ज़रूरत होने के कारण, हमें गैर-आपातकालीन सर्जरियों और सचल (एंबुलेटरी) सेवाओं को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा था। ऐसा करने से हमने COVID-19 के मरीज़ों की तात्कालिक जरूरतों के लिए जगह और स्टाफ दोनों ही खाली किए हैं। हम जैसे ही इन सेवाओं को सुरक्षित रूप से बहाल कर पाएंगे, वैसे ही इन्हें दोबारा चालू कर देंगे।

Lakeridge Health दक्षिणपूर्वी Ontario के अस्पतालों के क्षेत्रीय नेटवर्क का भी हिस्सा है। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान, इस संघर्षपूर्ण समय में, हरेक मरीज़ के लिए सबसे सुरक्षित और सबसे उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, हमारे अस्पताल में मरीज़ लाए गए हैं या हमने अन्य अस्पतालों में मरीज़ भेजे हैं।

### एक दूसरे का ख्याल रखना

Lakeridge Health प्रणाली के सभी लोगों के लिए ये पिछले कुछ महीने बहुत ही तनावपूर्ण और थकान भरे रहे हैं। जिस तरीके से हमारी टीम ने इस अपूर्व परेशानी का पेशेवर तरीके से और साहस से जवाब दिया है, हमें उन पर बहुत गर्व है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत से प्रयत्न किए हैं कि हमारी टीम को अतिरिक्त स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सहयोग मिले, और उस के साथ-साथ अपने अमूल्य कॉर्पोरेट कल्चर को संरक्षित और मजबूत बनाने के लिए और भी ज़्यादा संचार व्यवस्था और सम्मानित करने के प्रोग्राम किए जाएं।
समुदाय के बहुत से लोगों के प्रोत्साहन और सहयोग भरे संदेश - सोशल मीडिया पोस्ट पर, ईमेल, संपादक को पत्र द्वारा, चित्रकारी किए हुए पत्थर, बच्चों द्वार बनाए गए चित्र, और भी बहुत कुछ पाने पर हम अपना आभार व्यक्त करते हैं। हमारी टीम आप में से हर एक की सकारात्मक भावना की कृतज्ञ है। धन्यवाद!

## टीका वितरण

यह हमारे लिए बहुत ही प्रोत्साहन की बात है कि आप में से अधिकतर लोग COVID-19 का टीका लेने का निश्चय कर रहे हैं। कनाडा के लोग बहुत भाग्यशाली हैं कि अब उनके लिए टीके इतने व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। जारी स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों के साथ COVID-19 के टीके, हमें इस भयानक वायरस से निपटने का आगे का रास्ता और आखिर में इसे हराने का रास्ता दिखाएंगे।

Durham क्षेत्र में जनता के लिए टीकाकरण क्लीनिकों, हॉट स्पॉट क्लीनिकों, मोबाईल क्लीनिकों, कार्यस्थल टीकाकरण क्लीनिकों और दवा की दुकानों पर **300,000** से ज़्यादा टीकों की खुराकें दी जा चुकी हैं। आश्वस्त रहें कि जैसे-जैसे टीके की और आपूर्ति उपलब्ध होगी, वैसे-वैसे और भी अपॉइन्टमेंट मिलने लगेंगे। जनता की वरीयता और क्षेत्र में अपॉइन्टमेंट की उपलब्धता के बारे में नियमित ताज़ा खबरों के लिए कृपया Durham क्षेत्र की वेबसाईट देखें।

## मरीज़ और परिवार-प्रथम समाधान

इस महामारी ने हमारी सोच का दायरा बढ़ाया कि हम अस्पताल और समुदाय दोनों में कैसे संसाधनों की एक विस्तृत शृंखला का लाभ उठा सकते हैं और अपने कुछ सबसे ज़्यादा कमज़ोर रोगियों के लिए सही जगह पर सही देखभाल कैसे पा सकते हैं। पिछले कुछ सालों में, Ontario के कई अस्पतालों की तरह, Lakeridge Health में भी ऐसे मरीज़ों की संख्या में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है, जो अस्पताल-स्तर की देखभाल की ज़रूरत ना होते हुए भी अस्पताल में ही रहते हैं। हमें यह पता है कि, अस्पताल जैसी व्यवस्था में खासतौर पर कमज़ोर बुज़ुर्गों जैसे लोगों के बहुत दिन रहने से, उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और बिगड़ सकता है।

हमारी नैदानिक टीमें हर मरीज़ की जरूरतों और इच्छाओं के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपना रही हैं। वे सामुदायिक साझेदारों, दीर्घ-कालिक देखभाल होम्स, और परिवारों और देखभाल प्रदाताओं के साथ आपस में काम कर के बेहतर समाधान ढूंढ रही हैं, जिस से मरीज़ों को दोबारा उनके घरों या उनकी जरूरतों के अनुकूल ऐसी ही किसी अन्य बेहतर देखभाल व्यवस्था में पहुंचाने में मदद की जा सके।

## इस छुट्टियों वाले वीकेंड पर सुरक्षित रहिए

हम समझते हैं कि वर्तमान प्रांतीय घर पर रहने के आदेश के कारण आप में से कई लोगों को बहुत निराशा हो रही होगी। लेकिन, वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों और सुरक्षित और सदय देखभाल प्रदान करने की हमारी क्षमता के बेहतर संरक्षण करने के लिए यह जरूरी है कि हम **सावधान रहें** और **सार्वजनिक स्वास्थ्य नियमों** - सब लोगों का मास्क लगाना, हाथों की सफ़ाई, सामाजिक दूरी बनाए रखना और जल्दी टेस्ट करवाना, **का पालन जारी रखें।**

दुर्भाग्यवश, हमने पिछले साल एक पैटर्न देखा था: किसी बड़े त्योहार की छुट्टी के बाद COVID-19 के केसों में बहुत ज़्यादा बढ़ोतरी। तो, अब जबकि Victoria Day की छुट्टी वाला वीकेंड पास आ रहा है, हम एक बार फिर आपकी मदद और आपका सहयोग मांग रहे हैं।

**मिल कर, हम इस चक्र को तोड़ सकते हैं। स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें।**

अंत में, स्वस्थ Durham क्षेत्र बनाने में आपके निरंतर धैर्य, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए एक बार फिर आपका धन्यवाद।

Cynthia Davis
अध्यक्ष और CEO

Dr. Tony Stone
कार्यकारी अधिकारी